(ख) उक्त प्रश्न के भाग (क) के अनुसार बेची गई और वापस मिलने वाली अन-बिकी प्रतियों की संख्या के बारे में क्षेत्रवार सूचना कब तक एकत्रित हो जायेगी ; और

(ग) इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि उक्त समाचार पत्र द्वारा सरकार को दी गई सूचना गलत है, समाचार पत्र की बिना-बिकी प्रतियों की सही संख्या का पता लगाने के लिए सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री धर्मवीर सिंह) : (क) और (ग). प्रैस तथा पुस्तक पंजीयन अधिनियम, 1867 में ऐसा कोई उपबन्ध नहीं है जिसके अन्तर्गत प्रैस रजिस्ट्रार को बिक्री एजेन्टों से सूचना प्राप्त करने, या उनके रिकार्ड की छानबीन करने का अधिकार हो।

(ख) प्रतियों की बिक्री और अनबिकी वापस मिलने वाली प्रतियों की संख्या के बारे में क्षेत्र-वार ब्यौरे को एकत्र करना प्रैस रजिस्ट्रार की सर्कुलेशन टीमों द्वारा किए जाने वाले अध्ययन के अन्तर्गत नहीं आता।

स्वतंत्रता संग्राम के योद्धाओं को पेंशन देने के लिए जाली प्रमाण-पत्र

2339. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या गृह मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की कोई शिकायत मिली है कि स्वतन्त्रता संग्राम के योद्धाओं को, पेंशन प्राप्त करने के लिए, जेल जाने के जाली प्रमाण-पत्र पेश किये जा रहे हैं ;

(ख) क्या सरकार ने इस बारे में जांच की है ; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या परिणाम निकले और इस बारे में क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री एफ० एच० मोहसिन) : (क) से (ग). इस प्रकार की कुछ सामान्य शिकायतें सरकार को प्राप्त हुई हैं तथा उनकी जांच की जायगी। किन्तु यदि सरकार के ध्यान में कोई विशिष्ट मामला लाया जाय तो उस पर तुरन्त कार्यवाई की जा सकती है।

मेंधड़ सेक्टर में पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा गोली चलाये जाने के कारण मारे गये सीमा सुरक्षा दल के सैनिक

2340. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या गृह मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मेंधड़ सेक्टर की मोनावली चौकी पर सीमा सुरक्षा दल के चार सैनिक जून, 1972 में पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा गोली चलाये जाने के कारण मारे गये थे ; और

(ख) मृतकों के परिवारों की सहायतार्थ सरकार ने क्या सहायता दी है ?

गृह मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री एफ० एच० मोहसिन) : (क) जी नहीं, श्रीमान्।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र 'अवन्तिका' के हिस्सेदार

2341. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री दैनिक समाचार-पत्र 'अवन्तिका' के बारे में 17 नवम्बर, 1971 के अतारांकित प्रश्न संख्या 167 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उज्जैन से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र 'अवन्तिका' के तीनों हिस्सेदारों में से प्रत्येक के पास कितने शेयर हैं और प्रत्येक हिस्सेदार के पास कितनी कितनी राशि के शेयर हैं ; और

(ख) उनमें से प्रत्येक ने कितने शेयर किस तारीख को खरीदे ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय में उपमंत्री (श्री धर्मवीर सिंह) (क) और (ख). समाचारपत्रों के रजिस्ट्रार के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, उज्जैन से प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'अवन्तिका' की मालिक तीन हिस्सेदारों की अपंजीकृत साझेदारी फर्म है। फर्म की पूंजी में प्रत्येक हिस्सेदार के सात हजार नौ सौ बयासी रुपये हैं।